सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) दूरदर्शन की "टेलीटेक्स" सेवा इस समय दिल्ली के दूसरे चैनल टी०वी० ट्रांसमीटर (चैनल 7) पर टेलीकास्ट की जा रही है और यह सेवा इसके कवरेज रेंज में आने वाले क्षेत्रों में उपलब्ध है। इस सेवा में समाचार, खेलकूद, वित्त, मौसम, नगर सूचना, एयर-लाइन्स और रेलों के आने/जाने की अनुसूची, सीटों की उपलब्धता इत्यादि की जानकारी दी जाती है। इस सेवा को बढ़ाना तथा इसमें परिवर्तन दर्शकों की आवश्यकताओं पर निर्भर करेगा।

(घ) इस समय इस सेवा का देश के किसी अन्य भाग में विस्तारण करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

Saraiki Programme on Air and Doordarshan

3282. SHRI AJIT P.K. JOGI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that ESD of All India Radio has started Saraiki Programme for Pakistan from the 15th August, 1992;

(b) whether it is also a fact that about one crore Saraiki speaking people who migrated here after partition live in India;

(c) whether no Saraiki programme has been introduced on AIR or Doordarshan;

(d) whether Government propose to start a regular programme of Saraiki on AIR as well as on Doordarshan on a regular basis; and

(e) if so, by when and if not, the reasons there for?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) Yes, Sir.

(b) to (e) The Saraiki speaking people who migrated from West Punjab generally understand Punjabi in which AIR/Doordarshan are alredy broadcasting/telecasting the programmes. There is, therefore, no need for broadcast/telecast of programmes in Saraiki by AIR/Doordarshan.

दक्षिण अफ्रीका से क्रिकेट मैचों का प्रसारण

3283. **श्री अनन्त राम जायसवाल**: क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री 1 दिसम्बर, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्य 1312 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस बार टैस्ट मैचों का दूरदर्शन से सीधा प्रसारण न किये जाने के क्या कारण हैं जबकि विगत में ऐसा किया जाता रहा है;

(ख) क्या दूरदर्शन से टैस्ट मैचों और एक-दिवसीय मैचों का प्रसारण दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के साथ किये गये दूरदर्शन के सीधे करार के अंतर्गत अथवा किसी अन्य एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और उस एजेंसी का नाम क्या है तथा उक्त करार की मुख्य शर्तें क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास): (क) विदेशों में खेले गए टेस्ट मैचों का सीधा प्रसारण दूरदर्शन द्वारा विभिन्न कारणों से नहीं किया जाता जैसे कि देशों के बीच समय का अन्तराल, वित्तीय लागत, सामान्य कार्यक्रम अनुसूचियों आदि में हस्तक्षेप।

(ख) और (ग) दूरदर्शन ने एक दिवसीय मैचों तथा टेस्ट मैचों के मुख्य अंशों के सीधे प्रसारण के लिए दक्षिणी अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड द्वारा नियुक्त सरकारी टी०वी० अधिकार धारक अर्थात् सी०एस०आई० इंटरनेशनल से 200,000 अमरिकी डालर के स्थलीय टेलीविजन अधिकार खरीदे हैं।

Telecast of Anti-India Activities of LTTE

3284. SHRI V. NARAYANASAMY: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the STAR-TV telecast the activities of banned organisation LTTE in Srilanka and also their version in Shri Rajiv Gandhi Assassination case;

(b) the reasons for which these programmes have been allowed to be